पत्रांकः–भवन/स्था0–04–10–15/2026...../

बिहार सरकार

भवन निर्माण विभाग

प्रेषक,

अवधेश नंदन सिन्हा,
सरकार के संयुक्त सचिव,
भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

सेवा में,

अधीक्षण अभियंता,
भवन अंचल, मोतिहारी/दरभंगा/पूर्णियां/निदेशक गुणवत्ता अनुश्रवण (दक्षिण), गयाजी/निदेशक गुणवत्ता अनुश्रवण (मध्य), नालंदा/निदेशक गुणवत्ता अनुश्रवण (उत्तर),दरभंगा/विद्युत भवन अंचल (दक्षिण बिहार)/विद्युत भवन अंचल (पटना)/दक्षिण बिहार अंचल, पटना, भवन निर्माण विभाग, बिहार।

पटना, दिनांकः–

विषयः– क्षेत्रीय लिपिकीय संवर्ग के वरीयता निर्धारण करने के सबंध में।

प्रसंगः– विभागीय पत्रांक–9545 दिनांक–08.10.2026 एवं पत्रांक–10136 दिनांक–28.10.2026.

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि क्षेत्रीय लिपिकीय संवर्ग के कर्मियों की वरीयता निर्धारण करने के क्रम में आपसे प्राप्त प्रतिवेदन के आलोक में विहित प्रपत्र में सूची संधारित की गयी है जिसकी छायाप्रति संलग्न कर विभागीय बेवसाईट पर अपलोड किया गया है। सूची के अवलोकन से विदित होता कि आपके नियंत्रणाधीन पदस्थापित कतिपय कर्मियों से संबंधित पूर्ण सूचना अंकित नहीं है।

इस प्रयोजनार्थ दिनांक–29.10.2026 को संयुक्त सचिव, भवन निर्माण विभाग, पटना के कार्यालय–कक्ष में अपराह्न 4:00 बजे क्षेत्रीय लिपिकीय संवर्ग के वरीयता निर्धारण के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया था जिसमें आप उपस्थित नहीं हुए।

अतः वर्णित स्थिति में अनुरोध है कि इस ओर निजी ध्यान देकर उक्त प्रपत्र में अपने एवं अधीनस्थ कार्यालय में कार्यरत कर्मियों से संबंधित अंकित सूचना की जाँच करते हुए प्रपत्र में रिक्त स्थान की सूचनाएँ अंकित करते हुए विहित प्रपत्र में अधोहस्ताक्षरी को अविलंब उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। विषम परिस्थिति में इसकी पूर्ण जबावदेही आपकी होगी।

कृपया इसे उच्च प्राथमिकता दी जाय।

विश्वासभाजन,

12.11.26

(अवधेश नन्दन सिन्हा)
सरकार के संयुक्त सचिव।

कृ0पृ0उ0.....

ज्ञापांकः- 10628 (m) पटना, दिनांक- 12/11/26

प्रतिलिपिः-आई0टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, पटना को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

12.11.26

सरकार के संयुक्त सचिव।